- पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) और प्रबंधन में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस अनुप्रयोग पर कौशल विकास पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।

- **सीएसआईआर-यूआरडीआईपी**
    - वर्ष 2022-2023 के लिए आईपी फाइलिंग से सम्बन्धित गतिविधि पर चर्चा की गई और दो दिवसीय बैठक (22-23 मई, 2023) के दौरान सीएसआईआर-आईआईपी के साथ नवीन आविष्कार प्रकटीकरण से सम्बन्धित फाइलिंग की गई सीएसआईआर-यूआरडीआईपी टीम ने पेटेंट योग्यता मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया, पेटेंट योग्यता से सम्बन्धित आवश्यकताओं की मूल शर्तें, सीएसआईआर-आईआईपी समन्वयकों और आईआईपी वैज्ञानिकों द्वारा आवश्यक समन्वयों पर इनपुट प्रदान किए। यात्रा के दौरान टीसीई, एफटीओ सर्च के संचालन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।
    - आईपी फाइलिंग रणनीतियों के संबंध में 25-26 मई, 2023 को सीएसआईआर-आईआईआईएम के वैज्ञानिकों के साथ परस्पर विचार - विमर्श किया गया ।

**आयोजित प्रमुख सम्मेलन, संगोष्ठी/वेबिनार, कार्यशालाएँ**

- **सीएसआईआर-मुख्यालय**
    - सीएसआईआर और इसकी प्रयोगशालाओं ने 11-14 मई 2023 के दौरान नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में अयोजित 'स्कूल टू स्टार्ट-अप्स - इग्नाइटिंग यंग माइन्ड्स टू इनोवेट ' विषय पर आधारित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सप्ताह 2023 से सम्बन्धित समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया और माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह के विदाई भाषण के साथ सम्पन्न हुआ।
    - सीएसआईआर ने 17 मई, 2023 को **अमृत** व्याख्यान श्रृंखला की शुरुआत की। " पद्म विभूषण डॉ. आरए माशेलकर, एफआरएस, पूर्व डीजी-सीएसआईआर द्वारा " डुइंग एंड लीडिंग साइंस इन इंडिया: लेसन्स फ्रॉम पर्सनल जर्नी" विषय पर उद्घाटन व्याख्यान प्रस्तुत किया गया ।
    - सीएसआईआर-केंद्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान (सीएलआरआई), चेन्नई ने 2-6 मई 2023 तक वन वीक वन लैब (ओडब्ल्यूओएल) अभियान का

आयोजन किया; निम्नांकित सीएसआईआर प्रयोगशालाओं ने भी इस माह के दौरान अपने ओडब्ल्यूओएल अभियान का आयोजन किया - सीएसआईआर- प्रगत पदार्थ एवं प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (एएमपीआरआई), भोपाल, 14-18 मई 2023 तक; सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीईईआरआई), पिलानी 15-19 मई 2023 तक; सीएसआईआर - राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (एनसीएल), पुणे 22-27 मई 2023 तक।

- सीएसआईआर और इसकी प्रयोगशालाओं ने निम्नांकित में भाग लिया:
  - 16-18 मई, 2023 के दौरान वेटरीनरी कॉलेज प्लेग्राउण्ड, खाननपारा, गुवाहाटी में वाइब्रेंट नॉर्थ ईस्ट। इसमें सीएसआईआर-आईआईसीबी, सीएसआईआर-एनईआईएसटी, सीएसआईआर-सीएमईआर ने भाग लिया।
  - 26-28 मई, 2023 के दौरान एग्जीहिबिशन हॉल, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल (एमपी) में राइजिंग मध्य प्रदेश। इसमें सीएसआईआर-एएमपीआरआई प्रयोगशाला ने भाग लिया।
  - 27-29 मई, 2023 के दौरान आरडीएस कॉलेज परिसर, मुजफ्फरपुर, बिहार में विज्ञान-प्रौद्योगिकी/स्वास्थ्य/कृषि-डेयरी-मत्स्य पालन/ऊर्जा और उद्योग पर 13वीं राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन - 2023 आयोजित किया गया। इसमें सीएसआईआर-सीआईएमएफआर प्रयोगशाला ने भाग लिया।
  - 3 जून, 2023 के दौरान सारधबली ग्राउंड, ग्रैंड रोड, पुरी ओडिशा में 14वां कृषि मेला-2023 आयोजित किया गया। इसमें सीएसआईआर-आईएमएमटी, सीएसआईआर-एनबीआरआई प्रयोगशालाओं ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-एएमपीआरआई**
  - 14-18 मई, 2023 तक वन वीक वन लैब अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कुल 215 छात्र और 40 शिक्षक उपस्थित थे। छात्रों की प्रतिभा को दर्शाने के लिए मॉडल प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता और विज्ञान सम्बन्धी नाटक का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा ऑपर्च्युनिटी इन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान

केवीएस, एनवीएस के उपायुक्त भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान उपलब्धियां अर्जित करने वालों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। वन वीक वन लैब प्रोग्राम के दौरान निम्नांकित कार्यक्रम आयोजित किये गये:

- दिनांक 15 मई 2023 को प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एवं प्रसार हेतु सतत अर्थव्यवस्था के लिए उद्यमिता के अवसर पर उद्योग बैठक और प्रदर्शनी।
- दिनांक 16 मई 2023 को आर एंड डी व एकेडेमिया मीट और यंग रिसर्चर्स कॉन्क्लेव।
- दिनांक 17 मई को जिज्ञासा एवं जागरूकता कार्यक्रम एवं ओपन डे।
- दिनांक 18 मई को कौशल विकास एवं जनजातीय कल्याण कार्यक्रम ।

- 18 अप्रैल, 2023 को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर जागरूकता कार्यक्रम: रोकथाम, निषेध और निवारण

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - अंतर्राष्ट्रीय क्लिनिकल परीक्षण दिवस की पूर्व संध्या पर, दिनांक 19 मई 2023 पेशेंट इंगेजमेंट-बेंचमार्क इन क्लीनिकल ट्रायल्स पर संगोष्ठी आयोजित की गई। निदेशक डीएनडीआई दक्षिण एशिया ने डीएनडीआई और पेशेंट इंगेजमेंट: विन्स , वॉल्स एंव विज़डम विषय पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके बाद, हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ के मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख ने "पेशेंट सेंट्रिक अप्रोच फॉर क्लीनिकल ट्रायल्स: न्यू ट्रेन्ड्स एंड अप्रोचेज" विषय पर परिचर्चा की। इस संगोष्ठी में संस्थापक सीईओ, एपीएआर हेल्थ ऑनलाइन शामिल हुए और "पेशेंट इंगेजमेंट: पुटिंग पेशेंट्स फर्स्ट" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
  - मिज़ोरम विश्वविद्यालय, आईजोल में 15-16, 2023 के दौरान डिपार्टमेंट ऑफ हॉर्टीकल्चर, ऐरोमैटिक एंड मेडिसिनल प्लान्ट्स (एचएएमपी), मिजोरम विश्वविद्यालय के साथ संयुक्त रूप से आयोजित अरोमा मिशन - ।।। के अन्तर्गत मिज़ोरम हेतु बागवानी फसलों का मूल्य संवर्धन एवं विपणन औषधीयी एवं सुगंधित पौधे: अवसर और

चुनौतियां तथा उपयुक्त सुगंधित फसलों पर प्रशिक्षण से सम्बन्धित राष्ट्रीय संगोष्ठी की गई।

- कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य स्तरीय खरीफ उत्पादकता संगोष्ठी-2023 का आयोजन निदेशालय, लखनऊ के सभागार में किया गया। स्टॉल सीएसआईआर-सीमैप द्वारा स्थापित किया गया और श्री सूर्य प्रताप शाही, माननीय कैबिनेट मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश सरकार ने सीएसआईआर-सीमैप स्टॉल का अवलोकन किया।

- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - 2-6 मई, 2023 तक वन वीक वन लैब (ओडब्ल्यूओएल) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, एलईआरआईजी कॉन्क्लेव 2023 के 56 वें संस्करण का आयोजन 02 मई 2023 को इंडियन लेदर प्रोडक्ट्स एसोसिएशन (आईएलपीए) हॉल, कैलकटा लेदर कॉम्प्लेक्स (सीएलसी), कोलकाता में किया गया । इसका थीम "साइंस रिसर्च, इनोवेशन सिस्टम फॉर हाई ट्रेड बेनेफिट्स टू इंडिया (सृष्टि) " था। काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स (सीएलई) के अध्यक्ष श्री संजय लीखा द्वारा अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में श्री हबीब हुसैन, अध्यक्ष, अनुसंधान परिषद, सीएसआईआर-सीएलआरआई, श्री मुख्तारुल अमीन, अध्यक्ष और एमडी, सुपरहाउस लिमिटेड, श्री आर सेल्वम, आईएएस, कार्यकारी निदेशक, सीएलई, श्री रमेश कुमार जुनेजा, क्षेत्रीय अध्यक्ष (पूर्व ) )-सीएलई, श्री अजय कुमार तारवे, अध्यक्ष, आईएलपीए, श्री अर्नब झा, अध्यक्ष, इंडियन लेदर टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन विशिष्ट अतिथि थे।
  - उद्योग के लाभ के लिए श्री जी स्वामीनाथन, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीएलआरआई द्वारा 3 मई 2023 को चमड़ा और चमड़ा उत्पाद उद्योग में सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन आईएलपीए हॉल, सीएलसी, कोलकाता में किया गया और इस कार्यशाला से लगभग 40 उद्योग सदस्यों ने लाभ उठाया।
  - 2-4 मई 2023 को कारगिल, लद्दाख में सरकारी अधिकारियों के साथ उद्यमिता कार्यशाला (इंटरप्रेन्योरशिप वर्कशॉप) और इंटरेक्शन मीट: ओडब्ल्यूओएल के अंश के रूप में, स्वयं सहायता समूहों, उद्यमियों और स्नातकों के लिए 2-4 मई के दौरान जागरूकता एवं उत्पाद प्रदर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम लेह, लद्दाख में तथा उद्योग और वाणिज्य विभाग,

यूटी लद्दाख के सहयोग से 6-7 मई 2023 के दौरान कारगिल, लद्दाख में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लेह में लगभग 44 महिलाओं और कारगिल में 57 महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया।

- 10 मई 2023 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 को मनाया गया। डॉ. एन. मधुसूदन राव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अटल इन्क्यूबेशन सेंटर, सीएसआईआर-सीसीएमबी, हैदराबाद ने "टेक्नोलॉजी इंटरप्रेन्योरशिप " विषय पर प्रौद्योगिकी दिवस व्याख्यान प्रस्तुत किया।

- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - 19 मई, 2023 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। सीएसआईआर-सीएमईआरआई और आईआईटी गोवाहाटी के पूर्व निदेशक प्रोफेसर गौतम विश्वास ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा को बढ़ाया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह मनाया गया।
    - 11-14 मई, 2023 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सप्ताह में भाग लिया। माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री. डॉ जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।
- **सीएसआईआर-एचआरडीसी**
    - 3-4 मई 2023 के दौरान जेंडर सेंसिटाइजेशन एंड सेक्शुअल हरैस्मेंट ऑफ विमेन एट वर्कप्लेस: प्रिवेंशन रीड्रेसल एंड प्रोसीजर्स विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
    - 30 मई से 8 जून 2023 के दौरान नवनियुक्त वैज्ञानिकों के लिए प्रेरण कार्यक्रम ओयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - स्वच्छता पखवाड़ा गतिविधि के अंश के रूप में, 4 मई 2023 को श्रमदान और सामूहिक रैली आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में आईआईसीटी के सभी कर्मचारियों और छात्रों ने स्वेच्छा से भाग लिया। रैली को आईआईसीटी परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसके बाद पूरी आईआईसीटी कॉलोनी और उसके परिसर में सफाई की गई।
- **सीएसआईआर-आईजीआईबी**

- 23 और 24 मई, 2023 को दो दिवसीय आईजीआईबी-एसीटीआरईसी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
  - सहयोगात्मक अनुसंधान, शिक्षण और संयुक्त स्टार्टअप का मार्ग प्रशस्त करने के लिए 18 मई को जम्मू में विभिन्न वैज्ञानिक और शैक्षणिक संस्थानों के सभी कुलपतियों, निदेशकों और प्रमुखों की उच्च स्तरीय संयुक्त अंतर-संस्थागत बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री माननीय डॉ. जितेंद्र सिंह ने की। इस बैठक में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार, डॉ. (श्रीमती) एन. कलैसेल्वी, महानिदेशक सीएसआईआर और सचिव, डीएसआईआर व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।
  - राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 मनाने के लिए दिनांक 12.05.2023 को जीडीसी (बॉयज़), उधमपुर में हैकथॉन 2.0 का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - 11 मई 2023 को सीएसआईआर-आईआईपी में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। हेड सस्टेनेबिलिटी और वाइस प्रेसीडेन्ट इंडिया ग्लाइकोल्स एंड यंग एंटरप्रेन्योर डॉ. आरके शर्मा, और सनफॉक्स टेक्नोलॉजीज के संस्थापक श्री रजत जैन ने क्रमशः मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - 23 मई 2023 को सीएसआईआर-आईआईटीआर के डॉ सीआर कृष्णमूर्ति परिसर में "हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग कोर्स ऑन टॉक्सिकोलॉजी एंड पैथोलॉजिकल टूल्स एंड टेक्नीक्स फॉर प्री-क्लीनिकल रेग्यूलेटरी टॉक्सीसिटी स्टडीज इन लैबोरेटरी ऐनीमल्स" शीर्षक वाली डीएसटी एसईआरबी प्रयोजित हाई-एंड वर्कशॉप-कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। डीएसटी-एसईआरबी की एक्सेलेट विज्ञान योजना के अन्तर्गत पूरे सप्ताह चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य विष विज्ञान और रोग विज्ञान पर जोर देते हुए प्री-क्लिनिकल सुरक्षा परीक्षण में होनहार पीजी और पीएचडी छात्रों की अनुसंधान उत्पादकता में सुधार करना है।
- **सीएसआईआर-नीरी**
  - 09-13 मई,2023 को पर्यावरण प्रबंधन: विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर आईएफएस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - सीएसआईआर-एनईआईएसटी ब्रान्च लैबोरेटरी ईटानगर ने 19 मई, 2023 को मृदा विश्लेषण और मशरूम खेती से सम्बन्धित प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें कृषि विभाग, हिमालयन विश्वविद्यालय, जुलमग के एम एससी और बी एससी के 50 छात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ भाग लिया।
    - जीपीपी 0376 परियोजना के अन्तर्गत इंस्टीट्यूट इनोवेशन सेल-जोरहाट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से 10 मई 2023 को स्थानीय रूप से उपलब्ध उच्च मूल्य वाले पौधों की सामग्री के लिए सगंधीय तेल आसवन इकाई के डिजाइन और विकास पर विशेष जोर देने के साथ प्रोटोटाइप, उत्पाद डिजाइन और विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
    - सीएसआईआर-एनजीआरआई, हैदराबाद में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के लिए 15-17 मई, 2023 तक सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों का उपयोग करके वॉटर पॉल्यूशन मॉनीटरिंग एंड मॉडलिंग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
    - 11-14 मई 2023 के दौरान प्रगति मैदान, नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सप्ताह में भाग लिया। इस प्रदर्शनी में सीएसआईआर-एसईआरसी की प्रौद्योगिकियों और अत्याधुनिक सुविधाओं का प्रदर्शन किया गया।

**संस्थान/प्रयोगशाला में उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- **सीएसआईआर-4पीआई**
    - वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक समीर के. ब्रह्मचारी ने 19 मई 2023 को सीएसआईआर-4पीआई का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-एएमपीआरआई**
    - एक सप्ताह एक लैब कार्यक्रम के दौरान निम्नवत गणमान्य व्यक्तियों ने 14 से 18 मई 2023 तक सीएसआईआर-एएमपीआरआई, भोपाल का दौरा किया।

- 12 मई 2023 को श्री दीपेंद्र सिंह, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड।
- 14 मई 2023 को मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल।
- 14 मई 2023 को मिजोरम सरकार के हॉर्टीकल्चर डिपार्टमेंट के अपर निदेशक डॉ. लालमिंगमाविया पचुआउ।
- 15 मई 2022 को श्री परिकिपांडला नरहरि, आईएएस, सचिव, एमएसएमई और उद्योग आयुक्त, मध्य प्रदेश सरकार।
- 15 मई 2022 को श्री अशोक कुमार चौहान, आईएफएस, अपर सचिव, वन विभाग, मध्य प्रदेश सरकार।
- 15 मई 2023 श्री रमेश कुमार गुप्ता, आईएफएस प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन विभाग, मप्र सरकार।

- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - 10 मई, 2023 को पद्म श्री डॉ. स्वामीनाथन शिवराम, (एच2टी मिशन की मॉनीटरिंग समिति के अध्यक्ष, मानद प्रोफेसर एमेरिटस एंड आईएनएसए एमेरिटस साइंटिस्ट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एड्यूकेशन एंड रिसर्च) ने दौरा किया। उन्होंने मटीरियल्स क्रिटिकली इन लो कार्बन एनर्जी टेक्नोलॉजीज: इमार्जिग चैलेन्जेज टू सस्टेनेबिलिटी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
  - प्रोफेसर वीके तिवारी, निदेशक, आईआईटी-खड़गपुर ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 के अवसर पर दौरा किया और 11 मई, 2023 को टेक्नोलॉजिकल डवलपमेंट्स टुवर्ड्स आत्मनिर्भर भारत इन 2047 पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
  - राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना, कुलपति, बीआईटी मेसरा, रांची मुख्य अतिथि के रूप में और डॉ. एनपी शुक्ला, सदस्य तकनीकी, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, विशिष्ट अतिथि के रूप में और विज्ञान भारती के श्री श्रीप्रसाद ने अतिथि के रूप में भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधान मंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु

ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 29 मई 2023 को दौरा किया।

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - डॉ. नारायण चंद्र पाल, मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, ओडिशा का दौरा।
  - केएससीएसटीई-राष्ट्रीय परिवहन योजना एवं अनुसंधान केंद्र (एनएटीपीएसी, तिरुवनंतपुरम, केरल) के निदेशक डॉ. सैमसन मैथ्यू का दौरा।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - 11 मई 2023 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। भारत के औषध महानियंत्रक डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने इस अवसर पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - डॉ. केएस राव, सब्जेक्ट मैटर ऐक्सपर्ट (एसएमई) - सुरक्षा मूल्यांकन, एडगिल लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड और डॉ. शेखर चेलूर, वरिष्ठ निदेशक ऑरिजीन ऑन्कोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड ने डीएसटी एसईआरबी प्रायोजित हाई-एडं वर्कशॉप-कार्यशाला में टॉक्सीकोलॉजी एंड पैथोलॉजिकल टूल्स एंड टेक्नीक्स फॉर प्री-क्लीनिकल रैग्यूलेटरी टॉक्सीसिटी स्टडीज़ इन लैबोरेटरी ऐनीमल्स से सम्बन्धित व्यावहारिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करने हेतु 23 मई 2023 को सीएसआईआर-आईआईटीआर के सीआरके परसिर का दौरा किया ।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
  - 25वें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्म विभूषण डॉ. रघुनाथ ए. माशेलकर ने 11 मई 2023 को सीएसआईआर-एनईआईएसटी का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - रबड़ उद्योग के लाभ के लिए सीएसआईआर-एनआईआईएसटी और रबर अनुसंधान संस्थान के बीच सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए रबड़ अनुसंधान संस्थान भारत के निदेशक और टीम ने परिसर का दौरा किया।

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव डॉ. टी. रामासामी ने संस्थान का दौरा किया और संस्थान के निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की।

**कोविड से संबंधित विकास/अनुसंधान**

- **सीएसआईआर-4 पीआई**
  - 19 मई 2023 को भारतीय अनुसंधानकर्ताओं  के लिए कोविड-19 अनुसंधान सहायता हेतु सीएसआईआर-4पीआई में सीएसआईआर-एचपीसी क्लाउड संसाधन पर कोविड केयर नेटवर्क समिति की बैठक आयोजित की गई।
- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - अनुक्रमित कुल संख्या: नमूने 1168, जिसमें 960 नैदानिक नमूने और 208 अपशिष्ट जल से सम्बन्धित नमूने शामिल हैं।

**India@75 या *आज़ादी का अमृत महोत्सव* / भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले कार्यक्रमों का विवरण**

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - 1-15 मई 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन बड़े उत्साह से किया गया। इस पूरी अवधि के दौरान, एक समर्पित स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें कर्मचारियों द्वारा पुरानी फिज़िकल फाइलों की परिश्रमपूर्वक समीक्षा, रिकॉर्डिंग और निपटान किया गया। एक सुव्यवस्थित और व्यवस्थित कार्यालयी वातावरण बनाए रखने के लिए, सभी कार्यालय कक्षों में बिजली के स्विचबोर्ड, पंखे और एयर कंडीशनिंग इकाइयों की अच्छी सफाई के साथ-साथ अनुपयोगी वस्तुओं की पहचान की गई। इसके अलावा, व्यक्ति के जीवन में स्वच्छता के महत्व के विषय में जागरूकता को बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता शपथ दिलाए जाने के  साथ ही स्वच्छता के समर्थन में रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने हेतु ड्राइंग प्रतियोगिताओं और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं में भाग लेना शामिल था।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**

- 15 मई 2022 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक डॉ. राधा रंगराजन ने की। बेंगलुरु स्थित स्टार्ट-अप अचिरा लैब्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सह-संस्थापक डॉ. धनंजय डेंडुकुरी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसका शीर्षक था रैपिड ऐडवांसेज इन प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग थ्रू माइक्रोफ्लूइटिक टेक्नोलॉजीज। इस कार्यक्रम की अतिथि ऑन्कोस्टेम डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक और सीईओ डॉ. मंजिरी भाकरे ने "डज़ ऐव्री ब्रेस्ट कैंसर पेशेंट नीड कीमोथेरेपी? रोल ऑफ मेड इन इंडिया इनोवेटिव टेस्ट्स इन डिसीजन मेंकिग" विषय पर एक परिचर्चा की।
- स्वच्छता पखवाड़ा 1 मई 2023 को शुरू किया गया। इस 15 दिनों के स्वच्छ अभियान में स्वच्छता शपथ, स्वच्छ परिसर अभियान, वृक्षारोपण के साथ नए बगीचे की सफाई और विकास, परिसर के निवासियों लिए जागरूकता अभियान, श्रमदान दिवस, पुराने रिकॉर्ड, अनुपयोगी उपकरणों को हटाना, सभी प्रयोगशालाओं के साथ-साथ कार्यालयों में कलर कोड वाले कूड़ेदान का वितरण, जन जागरूकता रैली, विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, समूह चर्चा, वाटर कूलर/प्यूरीफायर/पानी की टंकियों की सफाई, एचवीएसी संयंत्र के एयर फिल्टर की सफाई, इकाइयों/पंपों/अग्नि हाइड्रेंट के बीच ताजे पानी का आदान-प्रदान, भवन की सफाई, परिसर में पानी के संचय सम्बन्धी जांच, फॉगिंग आदि शामिल हैं।

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - 2 मई, 2023 को स्वच्छता पखवाड़ा-2023: संस्थान परिसर की सफाई के लिए दिनांक 13.05.2023 (शनिवार) को एक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्टाफ सदस्य, रिसर्च स्कॉलर्स, परियोजना सहयोगियों और बी.टेक. छात्रों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।
  - 19 मई, 2023 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस - 2023 मनाया गया। डॉ. शंकर वेणुगोपाल, उपाध्यक्ष, महिंद्रा एंड महिंद्रा, महिंद्रा रिसर्च वैली, चेन्नई मुख्य अतिथि थे और उन्होंने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकोसिस्टम - "हाऊ सस्टेनेबिलिटी, सप्लाई चेन एंड टेक्नोलॉजी कन्वरजेन्स आर शेपिंग द फ्यूचर ऑफ ई मोबिलिटी? "विषय पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**

- 11 मई 2023 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। श्री डी. सुधन्वा, सह-संस्थापक और सीईओ, एक्सेलसॉफ्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, मैसूर मुख्य अतिथि थे।

- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
  - दिनांक 01.05.2023 से 15.05.2023 तक "स्वच्छता पखवाड़ा" का आयोजन किया गया।
  - 11 मई, 2023 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया और निम्नांकित व्याख्यान प्रस्तुत किए गए:
    - प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने साइंस इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी सिनर्जी नैसेसरी फॉर आत्म निर्भर भारत पर व्यख्यान प्रस्तुत किया।
    - राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 के अवसर पर डॉ. एन.पी शुक्ला ने डवलपमेंट्स इन बायोटेक्नोलॉजी फॉर ह्यूमन वेलफेयर पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - केवी-सीएलआरआई छात्रों के लिए स्वच्छता पखवाड़ा 2023 को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट पर एक ओरिएन्टेशन प्रोग्राम के साथ आयोजित किया गया। केवी-सीएलआरआई के लगभग 46 छात्रों को स्वच्छता पखवाड़ा पुरस्कार कार्यक्रम में नामांकित किया गया। जहां उन्हें ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण पर प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। मूल्यांकन किए जाने के बाद, छात्रों ने सीएलआरआई आवासीय क्वार्टरों के विभिन्न ब्लॉकों में उद्‌गम स्थान पर ही ठोस अपशिष्ट को अलग करने के विषय में जागरूकता पैदा करने के लिए घर-घर जाकर अभियान चलाया।

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - 01-15 मई, 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया, स्वच्छता पखवाड़ा की कार्य योजना वैज्ञानिकों और स्टाफ सदस्यों द्वारा आरम्भ की गई और लक्ष्यों को उत्साहपूर्वक प्राप्त किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के उपलक्ष्य में 01 मई, 2023 को सीएसआईआर-सीआरआरआई परिसर में एक स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह को आयोजित किया गया और इसमें संस्थान के वैज्ञानिकों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

- सीएसआईआर-सीआरआरआई में इंटर्नशिप के लिए विभिन्न कॉलेजों/विश्वविद्यालयों से संस्थान में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए एक इंटर्न लर्निंग सेंटर (आईएलसी) स्थापित किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन 29 मई, 2023 को सीएसआईआर-सीआरआरआई के निदेशक प्रोफेसर मनोरंजन परिदा ने किया और यह छात्रों को उनकी इंटर्नशिप से संबंधित विभिन्न गतिविधियों/कार्यों को पूरा करने में सुविधा प्रदान करेगा।

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - 13 मई, 2023 को संस्थान में "ट्रेडीशलन नॉलेज, इंफ्लूएन्स ऑफ साइंस फॉर सस्टेनेबल सोसाइटी" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. क्रिस्टीना ज़ेड चोंग्थू, आईएएस सचिव, जनजातीय कल्याण विभाग, तेलंगाना सरकार के विशेष संबोधन को रखा गया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - दिनांक 01.05.2023 से दिनांक 15.05.2023 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस-2023 का जश्न "स्कूल टू स्टार्टअप-इग्नाइटिंग यंग माइन्ड्स टू इनोवेट" थीम के साथ मनाया गया। सीएसआईआर-आईआईटीआर ने विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 100 से अधिक उत्सुक छात्रों के लिए अपने दरवाजे खोले। यह कार्यक्रम उभरते वैज्ञानिकों और युवा मस्तिष्कों के लिए उत्कृष्ट अनुसंधानकर्ताओं से जुड़ने और विष विज्ञान के महत्वपूर्ण क्षेत्र में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक मंच था। उसी दिन स्कूली छात्रों के लिए जिज्ञासा ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का भी उद्घाटन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
  - आज 11 मई 2023 को 25वां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। सीएसआईआर-एनईआईएसटी के निदेशक डॉ. जी. नरहरि शास्त्री ने मुख्य अतिथि पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्म विभूषण डॉ. रघुनाथ ए. माशेलकर, एफआरएस का स्वागत किया।
  - संस्थान ने 16-18 मई 2023 के दौरान गुवाहाटी में आयोजित वाइब्रेंट नॉर्थ ईस्ट-2023 में भाग लिया। डॉ. दीपुल कलिता, श्री पार्थ पॉल, हृषिकेश शर्मा और अंकुर दीप बोरा की एक टीम विशेषज्ञ के रूप में वहां

गई और सीएसआईआर-एनईआईएसटी प्रदर्शनी स्टाल का आयोजन किया तथा आगंतुकों के लिए एनईआईएसटी प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया।

- **सीएसआईआर-एनएमएल**
    - राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। श्री उज्ज्वल चक्रवर्ती, प्रबंध निदेशक, जमशेदपुर कंटीन्यूअस एनीलिंग एंड प्रोसेसिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (जेसीएपीसीएल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।
    - स्वच्छता पखवाड़ा 2023 मनया गया। पखवाड़े के दौरान प्रयोगशाला के सभी परिसरों में सफाई अभियान, कर्मचारियों के लिए निबंध प्रश्नोत्तरी और एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता और कर्मचारियों के बच्चों के लिए सिट एंड ड्रा प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
    - सीएसआईआर-एसईआरसी और सीएमसी में दिनांक 01.05.2023 से दिनांक 15.05.2023 तक "स्वच्छता पखवाड़ा 2023" मनाया गया। स्वच्छता कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, 01 मई 2023 को "स्वच्छता शपथ" (प्रतिज्ञा) ली गई।
    - सीएसआईआर-एसईआरसी और सीएमसी द्वारा 11 मई 2023 को 25वां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता सीएसआईआर-एसईआरसी के निदेशक और सीएमसी के समन्वयक निदेशक डॉ. एन. आनंदवल्ली ने की। चेन्नई जैसे बड़े शहर में बाढ़ के शमन और प्रबंधन से सम्बन्धित सलाहकार समिति के अध्यक्ष, पूर्व अपर सचिव (नीति एवं योजना), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) डॉ. वी. थिरुप्पुगाज़ समारोह के मुख्य अतिथि थे।

**विभागीय गतिविधियां**

डीएसआईआर का मैंडेट प्रौद्योगिकी प्रोन्नयन, विकास और इसके उपयोग के अलावा औद्योगिक अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है।विभाग का औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास प्रोन्नयन कार्यक्रम देश में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने और पोषित करने के लिए, उद्योगों की इन-हाउस अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता देता है और पंजीकरण करता है, ना कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान

संगठन (एसआईआरओ),सार्वजनकि वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान (पीएफआरआईएस) के लाभ के लिए और समय-समय पर इन मान्यता/पंजीकरण को संबंधित सरकारी अधिसूचनाओं (समय-समय पर संशोधित) के तहत नवीनीकृत करता है । जिनमें से ये संगठन उद्योग द्वारा अनुसंधान एवं विकास (आईटी अधिनियम की धारा 35(2एबी) के तहत) सीमा शुल्क छूट और भारित कर कटौती प्राप्त करने में योग्य हैं।यह योजना देश में औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने में मदद करती है।

**औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम(आईआरडीपी)**
**उद्योग में इन-हाउस आरएंडडी की मान्यता/पंजीकरण और नवीनीकरण**

- उद्योगों की 52 इन-हाउस आर एंड डी इकाइयों को नवीनीकरण की मान्यता दी गई और 59 को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

**आई टी एक्ट 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए वित्तीय प्रोत्साहन**

3 मई, 2023 को डीएसआईआर में फार्मा क्षेत्र के साथ राजकोषीय प्रोत्साहन (एफआई) संबंधित ऑनलाइन हितधारक की विचार-मंथन बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक को सीएसआईआर के प्रसिद्ध वैज्ञानिक विशेषज्ञों, फार्मा विभाग, उद्योग संघों - आईडीएमए, आईपीए और अन्य के प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। .

**डीएसआईआर केंद्रीय क्षेत्र की योजना 'औद्योगिक अनुसंधान और विकास (आईआरडी)'** में चार उप-योजनाएं शामिल हैं अर्थात (i) वैकतयिक,स्टार्ट-अप्स एमएसएमई (प्रिज्म) में नवाचारों को बढ़ावा देना, जिसमें नवीन विचारों को परिवर्तित करने के लिए स्वतंत्र नवप्रवर्तकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। नए या बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं, या सेवाओं का रूप ले सकने वाले प्रदर्शन योग्य मॉडल / प्रोटोटाइप / प्रक्रियाओं में; और उन्हें इनक्यूबेटी/तकनीकी-उद्यमी बनने में सहायता करना (ii) पेटेंट अधिग्रहण और सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास (पेस), जिसमें नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रदर्शन के लिए उद्योगों और संस्थानों को सहायता प्रदान की जाएगी, (iii) औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास का निर्माण और सामान्य अनुसंधान सुविधाएं (बीआईआरडी), जिसमें उद्यमियों और उद्योगों द्वारा उपयोग के लिए सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्रों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी और (iv) प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार के लिए ज्ञान तक पहुंच

(ए2के+) जिसमें महिलाओं हेतु प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) शुरू करने के अतिरिक्त औद्योगिक अनुसंधान के क्षेत्रों को भी आगामी अध्ययन और सम्मेलन मे शामिल किया जाएगा।

**वैकतयिक स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई (प्रिज्म) में नवाचारों को बढ़ावा देना:**
इस अवधी के दौरान के दौरान 2 नवाचार परियोजनाओं को मंजूरी दी गई और 1 परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

**पेटेंट अधिग्रहण और सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास (पीएसीई) योजना:**
डीएसआईआर से सहायता प्राप्त पीएसीई परियोजना "चयनित वुडी पौधों की प्रजातियों के संवहनी कैंबियल एक्सप्लांट के कैलस-व्युत्पन्न कोशिकाओं से मूल्यवान माध्यमिक मेटाबोलाइट्स के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए विनिर्माण प्रक्रिया का विकास और मानकीकरण" के सफल समापन के लिए समीक्षा की गई थी। परियोजना ने पादप खोजकर्ताओं से द्वितीयक मेटाबोलाइट्स उत्पादन के लिए एक वैकल्पिक तंत्र का प्रदर्शन किया।

**सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्र (सीआरटीडीएच) योजना:**

**सीआरटीडीएच - एनआईपीईआर, एसएएस नगर, मोहाली (एनआईपीईआर-एम):**

एनआईपीईआर-एम को सहायता प्राप्त सीआरटीडीएच की वित्तीय और तकनीकी प्रगति की समीक्षा के लिए पहली पीजीआरसी की बैठक 16 मई,2023 को आयोजित की गई थी। पीजीआरसी की अध्यक्षता वैज्ञानिक 'जी' और प्रमुख-सीआरटीडीएच(डीएसआईआर) ने की थी और निदेशक-एनआईपीईआर-एम, डीएसआईआर ने भाग लिया। अन्य सरकारी एजेंसियों के अधिकारियों और बाहरी सदस्यों और एनआईपीईआर-एम.पीजीआरसी से सीआरटीडीएच की टीम के सदस्यों ने सीआरटीडीएच-एनआईपीईआर-एम की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि संस्थान ने परिसर में सीआरटीडीएच के लिए भवन का स्थान आवंटित कर दिया है और प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीजीएमपी सुविधा शुरू करने के लिए सलाहकार/एजेंसी की नियुक्ति।पीजीआरसी ने एनआईपीईआर-एम में सीआरटीडीएच में दो एमएसई की भागीदारी की सराहना की।

**सीआरटीडीएच-भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर (जीएन), गांधीनगर:**

आईआईटी-जीएन गांधीनगर में स्थापित सीआरटीडीएच की अंतिम पीजीआरसी बैठक 18 मई, 2023 को आयोजित की गई थी। बैठक में निदेशक आईआईटी-जीएन, डीन रिसर्च आईआईटी-जीएन और कार्यक्रम प्रभाग के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान स्थापित सीआरटीडीएच का अंतिम परिणाम प्रस्तुत किया गया। पीजीआरसी बैठक के दौरान विचार-विमर्श के आधार पर समिति ने परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने की सिफारिश की।

**ए2के+: कार्यक्रम**

डीएसआईआर सहायता के लिए 5 नए प्रस्तावों पर विचार विमर्श करने के लिए तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) की 20वीं बैठक 9 मई,2023 को ऑनलाइन आयोजित की गई थी। दो प्रस्ताव अर्थात् (i) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी द्वारा प्रस्तुत आधुनिक जीवन और चिकित्सा विज्ञान में गौ-विज्ञान का राष्ट्रीय सम्मेलन और (ii) विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में स्मार्ट और नवाचार विकास टीएसी द्वारा डीएसआईआर की सहायता हेतु भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दुर्ग, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी द्वारा सहायता प्राप्त "आधुनिक जीवन और चिकित्सा विज्ञान में गौ-विज्ञान का राष्ट्रीय सम्मेलन" शीर्षित एक कार्यक्रम 20.05.2023 से 21.05.2023 तक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी में आयोजित किया गया था।

**महिलाओं हेतु प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू):**

विभिन्न जारी टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजनाओं के अंतर्गत प्रौद्योगिकी तैनाती और प्रचार-प्रसार के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से 177 महिला लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

**सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम**

**सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)**

सीईएल डीएसआईआर के तहत एक उद्यम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यिक रूप से उपयोग करना है। सीईएल ने अपने स्वयं के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों से देश में पहली बार कई उत्पाद विकसित किए हैं और सौर फोटोवोल्टिक प्रणालियों, रेलवे हेतु इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/घटकों के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर जोर देना जारी रखा है।

- मई,2023 के दौरान कंपनी ने 800.09 लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/प्रणालियों/एसपीवी उत्पादों का निर्माण किया।
- मई,2023 के दौरान 770.40 लाख रुपये मूल्य की वस्तुओं की बिक्री की ।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

एनआरडीसी ने अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के साथ-साथ विश्वविद्यालयों, तकनीकी संगठनों, उद्योगों और व्यक्तिगत अन्वेषकों के साथ दीर्घकालिक संबंधों का पोषण करके प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक औरसुदृढ़ बनाने पर जोर देना जारी रखा है।

- राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) ने 3 प्रौद्योगिकियों मेसर्स बायोसेफ हाइजेनी को एलएसएम टसर रक्षक से संबंधित,मेसर्स लाइफिम ऑर्गेनिक्स को समुद्री शैवाल निकालने वाला उर्वरक संबंधित; मैसर्स अनिल इंडस्ट्रीज को वाईजेथा पूरक पाउडर प्रौद्योगिकी का लाइसेंस दिया है
- एनआरडीसी ने मई,2023 के दौरान संबंधित प्रौद्योगिकियों से 3.0 लाख रुपये का प्रीमियम एकत्रित किया है।